RNI NO. : 52419/91

# चाणक्य भूमि

हिन्दी दैनिक

• वर्ष : 32 • अंक : 136 • 29:05:2024 • बुधवार • मूल्य : 5/-

## घुसपैठियों के कारण आदिवासी बेटियों की सुरक्षा खतरे में

● पीएम मोदी बोले-जमीन हड़पने के लिए माता-पिता का नाम भी बदला ● पीएम ने कहा-चार जून के बाद भ्रष्टाचारियों पर कार्रवाई होगी और तेज

**दुमका (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि जेएमएम, कांग्रेस और आरजेडी नेता खुलेआम, बेशर्मी के साथ धमकी दे रहे हैं। वो कह रहे हैं कि मोदी को हटाना है, ताकि उनको फिर से घोटाले करने का मौका मिल सके। पीएम ने कहा- जेएमएम और कांग्रेस झारखंड को हर तरह से लूट रहे हैं।

यहां इतने खूबसूरत पहाड़ है, लेकिन झारखंड की चर्चा नोटों के पहाड़ के लिए हो रही है। प्रधानमंत्री ने कहा- जेएमएम और कांग्रेस वालों के यहां नोटों के पहाड़ पकड़े जा रहे हैं। आप जानते हैं, ये पैसा कहां से आ रहा है। ये पैसा आ रहा है शराब के घोटाले से, ये पैसा आ रहा है करोड़ों रुपयों के टेंडर के घोटाले से, ये पैसा आ रहा है खान-खनिज-खनन घोटाले से। उन्होंने कहा कि 4 जून के बाद भ्रष्टाचारियों पर कार्रवाई और तेज होगी। प्रधानमंत्री मंगलवार को दुमका एयरपोर्ट मैदान में बीजेपी प्रत्याशी सीता सोरेन के पक्ष



में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। पीएम मोदी ने कहा- इन लोगों ने जमीनें हड़पने के लिए अपने माता-पिता का नाम बदल दिया। अब गरीबों और आदिवासियों की जमीन पर कब्जा किया जा रहा है। इन लोगों ने तो सेना की जमीन को भी लूट लिया। आपको झारखंड को इन लोगों से मुक्ति दिलानी ही होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा- 'इंडी गठबंधन के लिए सिर्फ अपना वोट बैंक जरूरी है। उसे आदिवासी समाज के हितों से कोई लेना-देना नहीं है। जहां-जहां ये लोग सत्ता में आए, आदिवासी समाज बर्बाद हुआ।

● **इंडी गठबंधन की देशविरोधी राजनीति का एक खतरनाक फॉर्मूला**- प्रधानमंत्री ने कहा- 'इंडी गठबंधन की देशविरोधी राजनीति का एक खतरनाक फॉर्मूला है। इनका फॉर्मूला है- घोर सांप्रदायिक राजनीति करो, घोर तुष्टीकरण की राजनीति करो, अलगाववादियों को संरक्षण दो, आतंकवादियों का बचाव करो और जो उसका विरोध करे, उस पर हिन्दू-मुसलमान करने का आरोप लगा दो। बीजेपी दलित, वंचित और आदिवासियों के लिए समर्पित है, समर्पण और सेवा भाव से काम करती है। हमने आदिवासी कल्याण के लिए 4 गुणा से ज्यादा बजट बढ़ाया। हम जनजातीय इलाके में 400 से ज्यादा एकलव्य आवासीय विद्यालय बना रहे हैं। आदिवासी इलाकों में खनिज का पैसा आपके बच्चों के लिए खर्च हो, हमने इसके लिए कानून बनाया। हमारी सरकार भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर जनजातीय गौरव दिवस मनाती है।

● **10 साल में घोटालों पर अंकुश लगा**- प्रधानमंत्री ने कहा-2014 में आपने मोदी को आशीर्वाद दिया था। तब पूरा देश कांग्रेस के कुशासन से तंग आ चुका था। रोज-रोज घोटाले होते थे, कांग्रेस गरीबों के नाम पर पैसे लूटने में 24 गुणा 7 लगी हुई थी। मोदी ने आकर वो सब बंद कर दिया। जनता का पैसा आज जनता के हित में इस्तेमाल हो रहा है। पीएम ने कहा-संताल की ये धरती क्रांति की धरती है। ये देश के लिए जीने-मरने वालों की धरती है। इस धरती पर ये जनसैलाब और इतनी बड़ी संख्या में माताएं-बहनें हमें आशीर्वाद देने आई हैं। आपके आशीर्वाद ने ये पक्का कर दिया है।

● **5 साल में 3 करोड़ लखपति दीदी बनाने का संकल्प**- प्रधानमंत्री ने कहा- जो काम 10 साल में हुआ है, अब अगले 5 साल उसे और आगे बढ़ाना है। अगले 5 साल में 3 करोड़ माताओं-बहनों को लखपति दीदी बनाने का मेरा संकल्प है।

## रेमल चक्रवात ने मिजोरम में बरपाया कहर

● पत्थर की खदान ढही, 14 लोगों की हो गई मौत

**आइजोल (एजेंसी)।** मिजोरम के आइजोल जिले में पत्थर की खदान खिसकने की वजह से मलबे में दबकर कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई। यह आंकड़ा बढ़ भी सकता है। जानकारी के मुताबिक कई लोग अभी मलबे में फंसे हैं। जानकारी मिलने के बाद तुरंत



राहत और बचाव का काम शुरू किया गया है। हालांकि यहां भारी बारिश और लैंडस्लाइड की वजह से राहत-बचाव के काम में दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। पुलिस के मुताबिक शहर के दक्षिण में मेल्थम और हिलमेन इलाके में सुबह 6 बजे की घटना है। सोमवार से ही हो रही भारी बारिश के बीच पत्थर की खदान ढह गई। वहीं राज्य में नदियों का जलस्तर भी लगातार बढ़ रहा है।

## अब केजरीवाल की एक और मंत्री आतिशी को कोर्ट ने भेजा समन

● 29 जून को बुलाया, चुनाव के बीच एएपी सरकार को बड़ा झटका

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव के बीच दिल्ली की आम आदमी पार्टी (आप) सरकार को बड़ा झटका लगा है। केजरीवाल सरकार में मंत्री आतिशी मार्लेना को कोर्ट ने समन भेजा है। कोर्ट ने उन्हें 29 जून को पेश होने के लिए बुलाया है। राउज एवेन्यू कोर्ट ने यह समन दिल्ली भाजपा मीडिया प्रमुख



प्रवीण शंकर कपूर द्वारा दायर मानहानि मामले में भेजा है। दरअसल, प्रवीण शंकर का आरोप है कि आतिशी ने भाजपा पर 'आप' विधायकों को तोड़ने का बेबुनियाद आरोप लगाया है। इसे लेकर उन्होंने मानहानि का केस किया है। इसी मामले में अब कोर्ट ने केजरीवाल की मंत्री आतिशी को समन भेजा है। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने भाजपा के मीडिया विभाग के प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर द्वारा आतिशी और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ दायर मानहानि के मुकदमे को स्वीकार कर लिया है। कोर्ट ने दिल्ली की मंत्री आतिशी को 29 जून को अदालत में पेश होने के लिए बुलाया है। मंगलवार को आप को दो-दो झटका लगा है।

## नगर निगम के विकास कार्यों में गुणवता का हैं अभाव-महापौर क्यूँ है चुप

निगम प्रशासन एवं पार्षदों मे भी नहीं हैं तालमेल जिसकी वजह से संवेदक उठा रहे है फायदा कुछ सड़के ऐसी है जो महीने भी नहीं चली

**चाणक्य भूमि सुनील दुबे बेतिया।**

नगर निगम आम जनता को बेहतर सुविधाएं देने की जिम्मेवारी लेकर बैठा हैं लेकिन इसकी कार्यकारी गतिविधियाँ ऐसी परिलक्षित हो नहीं रही है। बेतिया नगर निगम कार्यों की समीक्षा अगर की-जाय तो पता चलेगा कि, विकास कार्य तो हो रहे है, लेकिन उनकी गुणवत्ता पर प्रश्न चिन्ह है? शहर का विकास परिलक्षित होता है। अच्छी सड़को से, लेकिन शहर के मुख्य मार्गो से लेकर गल्ली कुची के सड़कों पर घूम जाइयें, अच्छी सड़कें नजर नहीं आयेंगी। कुछ गली- मुहल्ले की सड़कें जरूर ही अच्छी दिखायी पड़ेगी, लेकिन जब उनके बनने की अवधि का पता चलेगा, तो मालूम होगा कि हाल ही में बनी है, या छः माह या सालभर के अंदर की है। लेकिन ये सड़के भी कब तक अच्छी रहेंगी गारंटी नहीं हैं. वर्ष के बाद और दो साल के अंदर वे सड़के भी बताना शुरु कर देंगी कि उनके भी बुरे दिन शुरू हो गये । शहर का व्यस्ततम चौराहा सोवाबाबू चौक की सड़क को जरा गौर से देखिये, लगता है, जैसे सरेह-खेत मैं हैरो या फार चला हुआ है। सोवा बाबु चौक से संत कबीर चौक तक की सड़क का तो नजारा ही कुछ और है। छोटी दूरी की इस सडक पर वाहन तो कुदते फांदते ही चलता है। लाल बाजार से क्रिस्चियन क्वार्टर होते हुए राजगुरु चौक जाने वाली सडक पर नहीं चले तो दुर्घटना होता ही होता है।

नगर निगम सड़क-पुलिया नाला आदि विकास कार्य तो करा



रहा हैं लेकिन गुणवता का अभाव है। पीसीसी सड़क में विवरेटर का उपयोग नहीं होता है। नतीजतन जल्दी टूटने की भी संभावना रहती है। निर्माण के प्राक्कलनों में मेंटेनेंस का कंडिशन नहीं रहने से औने पौने ढंग से सड़के तैयार हो रही हैं वार्ड नं 9 के पार्षद जो सशक्त कमिटी के सदस्य भी है, जब उनसे दुरभाष पर पुछा गया, तो उन्होंने अपना ही रोना रोया। बताया कि जब मेरे वार्ड में सड़क निर्माण हो रहा था, तो उसकी जानकारी उन्हें नहीं रहने के कारण वे कोटा चले गये थे। यह पूछने पर कि इन बातों को उपर में क्यों नहीं उठाते तो उनका सीधा सा उत्तर था, कोई सुनने वाला नहीं है। विभागीय स्तर से काम हुआ है। हमारी कोई भागिदारी नहीं है। उन्होंने इशारे में ही कह दिया की गरिमा जी (मेयर )भी क्या कर सकती है। यानि की मेयर भी लाचार हैं नगर निगम का मुख्यतः कार्यो में यातायात व्यवस्था (सुलम सड़क). साफ सफाई मुख्य सड़को से लेकर गली -मुहल्लों में रोशनी की व्यवस्था, नालो की साफ-सफाई सहीत अन्य कार्य हैं लेकिन इन मुख्य कार्यों के प्रति भी नगर निगम खरा नहीं उतर रहा है। जन प्रतिनिधियों (नगर पार्षदों) एवं नगर निगम प्रशासन में ताल-मेल का भी अभाव है। कुछ दिन पूर्व नगर पार्षदों ने निगम कार्यालय के मुख्य द्वार पर आक्रोशात्मक रूप में संक्षिप्त प्रदर्शन भी किया था। वार्ड 24 के पार्षद एनामुल हक़ उर्फ़ ऐनाम ने स्पष्ट रूप से गरजते हुए आरोप लगाया था कि मुहल्लों में अंधेरा छाया है, लेकिन लाईट नहीं लगायी जा रही है। अन्य पार्षदों ने भी उनकी बातों का जोरदार शब्दों में समर्थन कैमरे के सामने किया था। कि जनता हमसे सुविधाएं मांगती है और हमलोग बेबस है। जरूरत इस बात कि हैं कि प्रशासन,पार्षद एवं जनमानस का सामंजस्य स्थापित कर गुणवत्ता पूर्ण विकास कार्यों को गति दी जाय।

## 4 जून के बाद बड़ा फैसला ले सकते हैं नीतिश कुमार

● तेजस्वी यादव के नए दावे से बिहार में हलचल हो गई तेज

**पटना (एजेंसी)।** पूर्व डिप्टी सीएम और राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के नेता तेजस्वी यादव ने मुख्यमंत्री नीतिश कुमार को लेकर बड़ा दावा किया है। तेजस्वी ने कहा कि उनके चाचा यानी



सीएम नीतिश 4 जून के बाद कोई भी बड़ा फैसला ले सकते हैं। नीतिश अपनी पार्टी बचाने और पिछड़ों की राजनीति के लिए कोई भी कदम उठा सकते हैं। तेजस्वी के इस बयान के बाद बिहार में सियासी हलचल तेज हो गई है। उनके दावे से बिहार में सत्ता परिवर्तन की सुगबुगाहट भी बढ़ने लगी है, हालांकि, सीएम कई बार मना कर चुके हैं।

## अगली महामारी निश्चित है... शीर्ष वैज्ञानिक ने फिर 'डराया'

बोले-दुनिया इसका सामना करने के लिए तैयार नहीं, जनता इसे चुनावी मुद्दा बनाए

**लंदन (एजेंसी)।** ब्रिटेन के पूर्व चीफ साइंटिफिक एडवाइजर सर पैट्रिक वालेंस ने कहा है कि दुनिया जल्दी ही एक और महामारी का सामना करने जा रही है और इसे रोकना तकरीबन नामुमकिन है। वालेंस ने चेतावनी देते हुए है कि एक और महामारी का आना निश्चित है। ऐसे में सरकार को इस ओर से पीठ करने की



बजाय तैयारियों को प्राथमिकता देने की जरूरत है। वालेंस का मानना है कि इलाज तक पहुंच और टीका कठोर उपायों की जररूत को कम कर सकता है, जैसा कि कोरोना महामारी के दौरान करने को मजबूर होना पड़ा था। बीते कुछ सालों में कोरोना वायरस से फैली महामारी ने दुनियाभर में दहशत फैलाई है और लाखों लोगों की जान ली है। ऐसे में वालेंस की चेतावनी ने एक बार फिर चिंता को बढ़ा दिया है। द गार्जियन की रिपोर्ट के मुताबिक, हे फेस्टीवल में बोलते हुए वालेंस ने कहा कि आने वाले समय में चुनाव के बावजूद महत्वपूर्ण मुद्दों से निपटने पर भी जोर देने की जरूरत है। वालेंस के अनुसार, सबसे महत्वपूर्ण मामलों में से एक उभरते खतरों का शीघ्र पता लगाने के लिए बेहतर निगरानी की व्यवस्था स्थापित करना है।

## इजरायली दूतावास को 10 हजार की भीड़ ने घेरा

● एक गलती पर दुनिया में बवाल, बैकफुट पर नेतन्याहू

**तेलअवीव (एजेंसी)।** गाजा के राफा शहर में इजरायली हमले के दौरान फिलिस्तीनी शरणार्थियों का एक टेंट भी निशाना बन गया, जिसमें 45 लोगों की मौत हो गई। इस घटना को लेकर इजरायल निशाने पर है और एक बार फिर से दुनिया भर में उसके खिलाफ प्रदर्शन होने लगे हैं। इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने इस मामले में गलती मानी है और घटना को दुखद बताया है। इस बीच पेरिस में इजरायल के खिलाफ बड़ा प्रदर्शन हुआ है। फ्रांस की राजधानी में स्थित फ्रांस के दूतावास को प्रदर्शनकारियों ने घेर लिया। करीब 10 हजार लोगों ने उसके दूतावास के बाहर प्रदर्शन किया। इन लोगों के पास में फिलिस्तीनी झंडे थे और ये लोग इजरायल एवं बेंजामिन नेतन्याहू के खिलाफ नारेबाजी करते दिखे। इन लोगों ने फ्री गाजा, हम भी गाजा के बच्चे हैं जैसे नारे लगाए। गाजापट्टी पर बीते 8 महीनों से इजरायल की ओर से ताबड़तोड़ हमले किए जा रहे।

## प्रज्वल रेवन्ना को भारत लौटते ही करेंगे गिरफ्तार

● वादे के बाद भी नहीं हुई पेशी, कर्नाटक के होम मिनिस्टर का ऐलान

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** महिलाओं से यौन उत्पीड़न के आरोपी सांसद प्रज्वल रेवन्ना को भारत आते ही अरेस्ट कर लिया जाएगा। कर्नाटक के होम मिनिस्टर जी. परमेश्वर ने मंगलवार को यह बात कही। उन्होंने कहा कि यह फैसला तो एसआईटी को ही लेना है कि प्रज्वल रेवन्ना की



गिरफ्तारी कहां की जाएगी। कांग्रेस सरकार ने प्रज्वल रेवन्ना के कई वीडियो सामने आने के बाद 28 अप्रैल को इस मामले की जांच से लिए एसआईटी का गठन किया था। इसके बाद रेवन्ना ने अपने वकील के माध्यम से एसआईटी को जानकारी दी थी कि वह 7 दिनों में पेश होंगे, लेकिन वह नहीं गए। प्रज्वल रेवन्ना ने इस बार भी हासन लोकसभा सीट से चुनाव लड़ा है।

## केजरीवाल की जमानत पर तत्काल सुनवाई से एससी का इनकार

कहा-सीजेआई फैसला लेंगे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मनी लॉन्ड्रिंग केस में जमानत पर बाहर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सुप्रीम कोर्ट से मेडिकल कंडीशन के आधार पर कुछ टेस्ट करवाने के लिए अंतरिम जमानत को 7 दिन बढ़ाने की मांग की थी। मंगलवार को उनके वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने इस याचिका पर तत्काल सुनवाई की मांग की, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने इस पर तुरंत सुनवाई से



इनकार कर दिया। जस्टिस जेके माहेश्वरी और केवी विश्वनाथन की वेकेशन बेंच ने कहा कि अंतरिम जमानत बढ़ाने का फैसला सीजेआई करेंगे, क्योंकि मुख्य मामले में केजरीवाल के खिलाफ फैसला सुरक्षित है। अरविंद केजरीवाल को ईडी मनी लॉन्ड्रिंग केस में 21 मार्च को गिरफ्तार किया था। 50 दिन जेल में रहने के बाद उन्हें 10 मई को जमानत मिली थी।

## गुरमीत राम रहीम हत्या के केस में बरी

● एचसी ने पलटा सीबीआई कोर्ट का फैसला

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** डेरा सच्चा सौदा के प्रमुख गुरमीत राम रहीम को पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। रणजीत सिंह की हत्या के केस में कोर्ट ने उसे बरी कर दिया है। इस मामले में सुनवाई करते हुए अदालत ने चार अन्य आरोपियों को भी बरी किया है। इस हत्याकांड में सीबीआई कोर्ट ने राम रहीम को दोषी करार दिया था। राम रहीम ने सीबीआई कोर्ट के फैसले को हाई कोर्ट में चुनौती दी थी। 22 साल पहले 10 जुलाई 2002 को सिरसा डेरे के प्रबंधक रणजीत सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस हाई प्रोफाइल मामले की जांच 2003 में सीबीआई को सौंपी गई थी।



भक्तिपथ

## बाबा केदार के पुराने पैदल रास्ते से भी होंगे दर्शन

सरकार ने किया ऐलान, 2013 आपदा में हुआ था धवस्त

**देहरादून (एजेंसी)।** बाबा केदार के दर्शन करने वाले भक्तजनों के लिए गुड न्यूज सामने आई है। केदारनाथ धाम के लिए पैदल रास्ते से यात्रा करने वाले तीर्थयात्रियों के लिए अच्छी खबर है। उत्तराखंड सरकार ने रामबाड़ा से पुराने पैदल रास्ते के पुनर्निर्माण का फैसला लिया है। अगले तीन-चार माह के भीतर इसके तैयार होने पर इससे घोड़े-खच्चरों की आवाजाही होगी। इससे नए रूट पर घोड़े-खच्चरों का दबाव कम होने से तीर्थयात्रियों की मुश्किलें भी कम हो सकेंगी। 2013 की आपदा में रामबाड़ा से लगभग छह किमी का पैदल ट्रैक ध्वस्त हो गया था इसके बाद रामबाड़ा के पास मंदाकिनी नदी पर पुल बना कर दूसरा पैदल रास्ता बनाया गया, जिस पर मौजूदा वक्त में यात्रा हो रही है। दिनों-दिन केदारनाथ धाम के लिए तीर्थयात्रियों की संख्या में काफी वृद्धि हो रही है। लिहाजा, सरकार ने पुराने पैदल रास्ते को दुरुस्त करने जा रही है। लगभग चार किमी लंबा पुराना पैदल रास्ता नए सिरे से बनना है, जबकि अन्य दो किमी पर बीच-बीच में काम किया जाना है। सरकार ने इसके सर्वे कराने के साथ ही काम भी शुरू कर दिया है। इस रास्ते से घोड़े-खच्चर केदारनाथ के लिए



आवाजाही करेंगे। केदारनाथ और यमुनोत्री ट्रैक पर तीर्थयात्रियों की भीड़ बढ़ने पर पैदल व घोड़े-खच्चरों से जाने वाले तीर्थयात्रियों के लिए रोटेशन सिस्टम कड़ाई से लागू किया जाएगा। फौरी तौर पर यह प्रयोग किया भी जा रहा है। सचिव मुख्यमंत्री विनय शंकर पांडेय ने बताया कि केदारनाथ रास्ते पर गौरीकुंड से पहले चरण में सुबह छह बजे घोड़े-खच्चर छोड़े जा रहे हैं, फिर दो घंटे बाद घोड़े-खच्चरों से जाने वाले तीर्थयात्रियों को छोड़ा जा रहा है। सचिव मुख्यमंत्री विनय शंकर पांडेय ने कहा कि केदारनाथ के पुराने पैदल रास्ते के पुनर्निर्माण पर दोनों तरफ से काम शुरू कर दिया है। तीन-चार माह बाद यह रास्ता दुरुस्त कर लिया जाएगा।

## हरियाणा में जहां स्टार कैंपेनर आए, वहां वोटिंग गिरी

● इनमें मोदी-राहुल से लेकर योगी और प्रियंका भी शामिल

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** हरियाणा में लोकसभा चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, कांग्रेस नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी की तमाम सभाओं, रैलियों और रोड शो के बावजूद वोटिंग त्न गिर गया। राज्य में इस बार 64.80 फीसदी वोटिंग हुई जबकि 2019 के आम चुनाव में 70.34 फीसदी मतदान हुआ था। यानि पिछली बार के मुकाबले इस बार 5.54 फीसदी पोलिंग कम हुई। यही नहीं, दोनों पार्टियों के इन सबसे बड़े नेताओं ने जिन-जिन संसदीय हलकों में प्रचार किया, वहां भी मतदान जीरो नहीं बढ़ पाया। पीएम नरेंद्र मोदी ने हरियाणा में 3 रैलियां करके 6 लोकसभा सीटों को कवर किया। इन सभी 6 सीटों पर वोटिंग प्रतिशत 2019 के मुकाबले 3.76 फीसदी से 7.58 फीसदी कम रहा। इसी तरह कांग्रेस नेता राहुल ने 3 सीटों पर प्रचार किया।

# हर्ष की हत्या का मास्टरमाइंड चंदन गिरफ्तार

## 8 साथियों के नाम बताए, डांडिया नाइट में हुए विवाद को लेकर पीटकर मार डाला था

एजेंसी, पटना।

पटना के बीएन कॉलेज के छात्र हर्ष राज की हत्या का मास्टरमाइंड चंदन यादव गिरफ्तार हो गया है। चंदन पटना यूनिवर्सिटी का छात्र है और जैक्सन हॉस्टल में रहता है। चंदन की गिरफ्तारी बिहटा से हुई है। चंदन बिहटा के अमहारा का रहने वाला है। चंदन ने बताया कि डांडिया नाइट में हुए विवाद को लेकर हर्ष के साथ मारपीट की। उसने 8 लड़कों का नाम भी बताए हैं जो इस घटना में शामिल थे। पुलिस इनकी गिरफ्तारी के लिए सुपौल सहरसा बेगूसराय नालंदा में छापेमारी कर रही है। इधर छात्र की हत्या के विरोध में आज छात्र सड़क पर उतर आए। घटना के विरोध में बड़ी संख्या में छात्र गांधी मैदान के पास करगिल चौक को जाम कर दिया। टायर जलाकर सड़क पर आगजनी की गई। पुलिस ने मोर्चा संभालते हुए विरोध कर रहे छात्रों को खदेड़ दिया। कुछ लोगों को हिरासत में भी लिया गया है। फिलहाल मामला शांत है। बता दें कि सोमवार को बीए थर्ड ईयर के छात्र हर्ष की लॉ कॉलेज में पीट-पीटकर हत्या हुई थी। पूरी साजिश के तहत मर्डर हुआ। हर्ष कल परीक्षा खत्म होने से 20 मिनट पहले ही लॉ कॉलेज के परीक्षा भवन से निकल गया था। हमलावरों का गिरोह लाठी-डंडे और रॉड से लैस होकर कॉलेज के गेट से घुसे और हर्ष पर हमला बोल दिया। घटना के बाद कोई पैदल भागा तो कोई बाइक और ऑटो से भाग निकला।



**तेजस्वी ने सरकार पर उठाए सवाल:** मामले को लेकर राजनीति भी तेज हो गई है। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने हर्ष की हत्या को लेकर कहा कि अब यह लोग क्यों नहीं चिल्ला रहे हैं। पूरे भाजपा प्रदेश वाले राज्यों में कानूनी व्यवस्था की स्थिति खराब है। कई मामले ठंडे बस्ते में डाल दिए गए। हम लोगों ने आंदोलन किया तो कुछ कार्रवाई हुई लेकिन हालात इतने खराब है कि अब यह लोग जंगलराज आज नहीं बोल रहे हैं। ये लोग आज सड़क पर नहीं लेट रहे हैं। वहीं वीआईपी सुप्रीमो मुकेश सहनी ने कहा कि सरकार को सोचने की आवश्यकता है। सरकार सिर्फ चुनाव नहीं लड़े, वह बिहार को भी देखें। लॉ एंड ऑर्डर को भी देखें सरकार। इस पर काम करने की जरूरत है। यह दुखद घटना है। बिहार में इस तरह से क्राइम हुआ है। इस पर संज्ञान लेना चाहिए पुलिस प्रशासन को। वहीं पूरे मामले पर डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने कहा कि कार्रवाई हो रही है।

**हर्ष के सीने पर कई बार ईंट से वार किए थे:** बता दें कि सोमवार को पटना यूनिवर्सिटी के लॉ कॉलेज परिसर में बीएन कॉलेज के छात्र हर्ष को 15 अज्ञात लड़कों ने पीट पीट कर मार डाला। हर्ष बीए थर्ड ईयर का पेपर दे कर निकल रहा था। बुलेट पर बैठ कर आगे बढ़ते ही अज्ञात लड़कों ने ईंट चला कर उसको गिरा दिया। करीब 15 की संख्या में लड़के लाठी-डंडा ले कर वहां पहुंच। फिर हर्ष को बुरी तरह पीटने लगे। हर्ष के साथ उसका साथी था, अज्ञात लड़कों ने उसे दो से तीन डंडा मारा, जिसके बाद वह वहां से जान बचा कर भाग गया। इसके बाद अज्ञात लड़कों ने हर्ष को मारना शुरू किया। लड़कों ने हर्ष के सीने पर कई बार ईंट से वार किया। जब हर्ष बेहोश हो गया, तब वहां से वारदात में शामिल लड़के फरार हो गए।

**हर्ष को भाई मानती थी मंत्री अशोक चौधरी की बेटी शांभवी:** हर्ष वैशाली के बेलसर ओपी के मझौली गांव का रहने वाला था। हर्ष के पिता पत्रकार अजीत कुमार का इकलौता बेटा था। वो इस साल पटना विवि छात्र संघ के अध्यक्ष का चुनाव लड़ना चाहता था। यूनिवर्सिटी में छात्रों के बीच उसका कद बढ़ गया था। इस बीच हर्ष को समस्तीपुर से लोजपा आर की प्रत्याशी और अशोक चौधरी की बेटी शांभवी चौधरी ने अपन मुंहबोला भाई बना लिया था। हर्ष समस्तीपुर लोकसभा क्षेत्र में शांभवी चौधरी के लिए वोट भी मांग रहा था। शांभव के चुनाव प्रचार में कई दिनों तक वह समस्तीपुर में भी रहा था। शांभवी के पति और कुणाल किशोर के बेटे सायन कुणाल के भी काफी नजदीक था। हर्ष सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहता था। हर्ष हमेशा बड़े नेताओं से संबद्ध बनाए रखना चाहता था। हर्ष आने वाले यूनिवर्सिटी के चुनाव में भी लड़ने वाला था। इस चुनाव का ऐलान भी हर्ष कर चुका था। हर्ष लोकनायक युवा परिषद नामक संस्था भी चलाता था।

**पिता ने प्रशासन से की मांग:** हर्ष के पिता अजीत ने बताया कि सोमवार को करीब दो बजे हर्ष के ही एक करीबी दोस्त ने फोन कर बताया कि उसे कुछ लोगों ने लाठी-डंडे से हमलाकर अधमरा कर दिया है। हर्ष की हालत बहुत खराब है। हम लोग उसे इमरजेंसी ले कर आए हैं। आप लोग भी जल्दी पीएमसीएच आइए। जब हम पीएमसीएच पहुंचे तो पता चला कि उसकी मौत हो चुकी है। मेरा बेटा हमेशा दूसरों के लिए आवाज उठाने का काम करता था। मैं चाहता हूं कि इस मामले की न्यायिक जांच हो। जिसने भी मेरे बेटे को मारा, उसे फांसी की सजा होनी चाहिए।

**यूनिवर्सिटी की सारी परीक्षाएं कैंसिल:** पटना यूनिवर्सिटी कैंपस में हुए छात्र हर्ष की निर्मम हत्या के बाद यूनिवर्सिटी में होने वाले सभी परीक्षाओं को स्थागित कर दिया गया है। यूनिवर्सिटी के कुलपति ने पत्र जारी कर के यह जानकारी दी है। यूनिवर्सिटी प्रशासन के अनुसार इस हत्या के बाद छात्रों में काफी आक्रोश है। अगर परीक्षा होती है तो फिर तनाव की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। यूनिवर्सिटी कैंपस में कोई अप्रिय घटना फिर से ना घटे इसी लिए अगले आदेश तक सभी परीक्षाओं को कैंसिल कर दिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### अपराधियों ने 2 युवक को गोली मारी, आपसी विवाद में गोलीबारी

पटना। पटना में दानापुर थाने के पास सोमवार की देर रात बेखौफ अपराधियों ने दो युवक को गोली मार दी। देर रात दानापुर थाना मोड़ के समीप चार की संख्या में आए अपराधियों ने प्रकाश केशरी नामक युवक पर कई राउंड फायरिंग की। इसमें तीन गोली प्रकाश को लगी। वहीं, एक गोली पास खड़े युवक को जा लगी। प्रकाश केशरी अपने बड़े भाई गोलू के साथ दुकान बंद कर सामने की दुकान से एग रॉल खरीद कर खा रहा था। इस दौरान एक स्कूटी और एक बाइक से करीब चार की संख्या में अपराधी वहां पहुंचे। फिर प्रकाश पर गोलिया चलानी शुरू कर दी। इसमें प्रकाश को तीन गोली लगी। वहीं, पास खड़े एग रॉल खा रहे युवक को एक गोली लगी। गोलियों की आवाज सुन दानापुर पुलिस मौके पर पहुंची। लेकिन, इससे पहले सभी अपराधी मौके से फरार हो गए। अचानक हुई इस गोलीबारी से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया।पुलिस और परिजनों ने जख्मियों को निजी अस्पताल भर्ती करवाया है। दोनों की हालत नाजुक बनी हुई है। पुरानी रंजिश में इस गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया गया है। 2022 में बीबीगंज भट्ठा पर निवासी सोनू उर्फ छोटा खेसारी को थाना क्षेत्र के झुनझुना रोड मोड़ पर गोली मारकर हत्या की गई थी। इस मामले में पुलिस ने प्रकाश को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। जमानत पर वह रिहा हुआ था। इस संबंध में दानापुर थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार भारद्वाज ने बताया कि प्रकाश केशरी एवं एक अन्य लड़के गोली मारी गई है। प्रारंभिक जांच में आपसी दुश्मनी की बात सामने आई है। जख्मी प्रकाश पूर्व में हत्या के आरोप में जेल जा चुका है। इस घटना को लेकर आज गोली मारी गई है। दोनों जख्मियों का इलाज चल रहा है। संदिग्ध के विरुद्ध छापेमारी की जा रही है।



### महिला घरेलू टूर्नामेंट के चयन ट्रायल का आज आखिरी दिन, 8 जिलों की महिला खिलाड़ियों को करना होगा रिपोर्ट

पटना। बिहार क्रिकेट एसोसिएशन (BCA) जून 2024 में राज्य की सभी श्रेणियों (सीनियर, अंडर-23, अंडर-19, अंडर-15) में महिलाओं के लिए एक घरेलू टूर्नामेंट का आयोजन कराने जा रहा है। इसके लिए चयन ट्रायल की प्रक्रिया चल रही है, जिसका आज आखिरी दिन है। सभी खिलाड़ियों को शाखा ग्राउंड, राजेंद्र नगर परिसर में रिपोर्ट करना होगा। आज अंतिम दिन मुजफ्फरपुर, सीतामढ़ी, शिवहर, पश्चिमी चंपारण, पूर्वी चंपारण, सीवान और गोपालगंज महिला खिलाड़ियों का ट्रायल लिया जाएगा। बीसीए अध्यक्ष राकेश तिवारी ने कहा कि "हम इस घरेलू टूर्नामेंट का आयोजन करने के लिए उत्साहित हैं, जो हमारी महिला क्रिकेटरों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में काम करेगा। प्रतिस्पर्धी अवसर और संपूर्ण चयन ट्रायल प्रदान करके हमारा लक्ष्य एक मजबूत टीम बनाना है। हमारा लक्ष्य प्रतिभाओं की एक मजबूत पाइपलाइन तैयार करना है जो बीसीसीआई के आगामी घरेलू सत्र और उसके बाद भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करेगी।" उन्होंने आगे कहा कि महिला खिलाड़ियों को प्रतिस्पर्धा का अवसर देने के लिए टूर्नामेंट आयोजित किया जाएगा। सीनियर खिलाड़ियों के साथ-साथ सभी आयु समूहों के लिए चयन ट्रायल में बीसीए से संबद्ध 38 जिला इकाइयों द्वारा अनुशंसित खिलाड़ी भी हिस्सा लेंगे। यह खेल को दूरदराज के क्षेत्रों में फैलाने और अधिकतम खिलाड़ियों को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से किया गया है। बीसीए द्वारा आयोजित महिला घरेलू टूर्नामेंट का मुख्य लक्ष्य महिला खिलाड़ियों को आगामी बीसीसीआई घरेलू सत्र (2024-2025) के लिए फिट बनाना है। महिलाओं के घरेलू टूर्नामेंट के लिए बीसीए ने 26 मई से पटना में सभी श्रेणियों (सीनियर, अंडर -23, अंडर -19, अंडर -15) की महिला खिलाड़ियों के लिए चयन ट्रायल आयोजित किया था। अबतक किशनगंज, नवादा, मधुबनी, समस्तीपुर, बांका, पूर्णिया, नालंदा, शेखपुरा, लखीसराय, सहरसा, खगड़िया, मुंगेर, कटिहार, बेगूसराय, मधेपुरा, सुपौल, भागलपुर, जमुई, अररिया, बक्सर, अरवल, वैशाली, सारण, भोजपुर, गया, रोहतास, कैमूर, औरंगाबाद, पटना और जहानाबाद में चयन ट्रायल हो चुके हैं।

### माहवारी किसी भी महिला के जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा

- उच्च माध्यमिक विद्यालय, मुसेपुर में आयोजित मासिक धर्म प्रबंधन सप्ताह का समापन
- माहवारी मेले में लगभग 200 छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक और प्राचार्य ने लिया भाग

पटना। माहवारी किसी भी महिला के जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसके बावजूद महिलाएं जानकारी के अभाव के कारण कई बार गंभीर बीमारियों की चपेट में आ जाती हैं। जिसमें माहवारी स्वच्छता भी शामिल है। उक्त बातें सहयोगी संस्था की निदेशक रजनी ने मंगलवार को उच्च माध्यमिक विद्यालय मुस्सेपुर में मासिक धर्म प्रबंधन सप्ताह के समापन के मौके पर आयोजित माहवारी मेला के दौरान कहीं। उन्होंने बताया कि मेले का उद्देश्य सभी आयु वर्ग के लोगों के बीच मासिक धर्म के बारे में खुली बातचीत को प्रोत्साहित करना था। साथ ही शिक्षकों, छात्र और छात्राओं को संबोधित करते हुए माहवारी स्वच्छता के बारे में खुली बातचीत के महत्व को बताया। ताकि इस विषय से जुड़ी भ्रांतियों को तोड़ा जा सके। उन्होंने बताया कि कैसे खुली बातचीत और माहवारी की सही समझ से महिलाओं को कई बीमारियों से बचाया जा सकता है। इस मौके पर विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती रंजना सिंह ने भी सहयोगी संस्था के प्रयासों की सराहना की। और कहा कि हम एक ऐसे महत्वपूर्ण विषय पर कार्य कर रहे हैं। जो हमारे जीवन का एक अभिन्न हिस्सा है। फिर भी हम लोग इसके बारे में बात करने से कतराते हैं। मंच से श्रीमती रंजना सिंह ने कहा कि" माहवारी किसी भी महिला के जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। फिर भी कोई इसके बारे में खुलकर बात नहीं करता। लोग इस विषय पर शर्मिंदा होते हैं, और मिथकों और पुरानी प्रथाओं का पालन करते हैं। जिसके कारण उन्हें इससे जुड़ी कई प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ता है।" वहीं, छात्र विशाल ने कहा "लड़के या तो माहवारी के बारे में बात करने से कतराते हैं। या इसका मजाक उड़ाते हैं। हालांकि, यह गलत है, और हमें ऐसा नहीं करना चाहिए। हमें इसके बारे में पूरी तरह और सही तरीके से समझना चाहिए"।माहवारी मेला में छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों को माहवारी के बारे में जागरूकता बढ़ाने और इसके प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने का अवसर प्रदान किया। यह मेला माहवारी के प्रति समाज में व्याप्त धारणाओं को बदलने और इसे सामान्य बातचीत का हिस्सा बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मेले में लगभग 200 छात्र-छात्राओं, 19 शिक्षक-शिक्षिकाओं और प्राचार्य ने भाग लिया। मेले में मासिक धर्म से संबंधित कई चित्रकला, नारे और वस्तुओं का भी प्रदर्शन किया गया। जिनमें मेंस्ट्रुअल कप, टैम्पोन, पैड्स, पैंटी लाइनर और पैंटी पैड्स शामिल थे। इस मौके पर मुसेपुर हाई स्कूल की प्रधानाचार्या रंजना सिंह, स्कूल के शिक्षक मोहित कुमार, मध्य विद्यालय के प्रधानाचार्य दिनेश कुमार, आशा दीदी और इसके अलावा सहयोगी से लाजवंती, प्रियंका, रुबी, साक्षी, ऋतु, जेबा, धर्मेंद्र, शारदा, बिंदु, मोनिका और निर्मला शामिल थे।

### बिना बारीश के ही सड़कों पर लगता है एक फीट पानी

**लौरिया नपं की वार्ड 5 की सड़कों पर जलजमाव से जनता परेशान**

**क्षेत्र के नया टोला, लौरिया बाजार, शिक्षक कालोनी और थाना रोड के मुख्य मार्ग पर एक से दो फीट लगता है गंदा पानी**

चाणक्यभूमि संवाद सूत्र। एनएच 727 के किनारे पर स्थित। नगर पंचायत के वार्ड 05 के नया टोला, गंडक रोड शिक्षक कालोनी, सरकारी अस्पताल के सामने सहित मुख्य बाजार में जाने वाली सड़के, थाना रोड सहित अपना नर्सींग होम के सामने तथा महाकालेश्वर शिव मंदिर के पास बिना बारिस के भी हमेशा सड़क पर एक फीट तक पानी लगी रहती है। नगर पंचायत में आने जाने वाले लोगों महिला और बच्चों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। वही ये सड़के अपनी उपेक्षा से बदहाली का आंसू बहा रही है। जब कि यह सड़क करीब चार वर्षों पहले ही बनी थी। नगर पंचायत निवासी राहुल कुमार, डा ब्रजेश कुमार, डा अनिल कुमार, हरेन्द्र सिंह, तारकेश्वर कुमार, सदानंद चतुर्वेदी,आदि ने बताया कि लौरिया बेतिया मुख्य सड़क एन एच 727 से अपना हेल्थ केयर के सामने से होकर एक सड़क निकलती है।

## चुनाव कार्य के लिए जब्त वाहन चालकों का हंगामा

एजेंसी, पटना।

पटना के दानापुर में वाहन चालकों ने सड़क जामकर प्रदर्शन किया। लोकसभा चुनाव के लिए जब्त वाहन के चालक पिछले तीन दिनों से समय पर खाना और पानी नहीं मिलने से आक्रोशित हो गए। दानापुर-गांधी मैदान मुख्य मार्ग को जाम कर दिया और बीएस कॉलेज गेट के सामने विरोध-प्रदर्शन किया।

**शौचालय की भी कोई व्यवस्था नहीं है:** चालकों का कहना है कि चुनाव कार्य को लेकर प्रशासन की ओर से वाहनों को जब्त किया गया है, लेकिन खाना और शुद्ध पेयजल मुहैया नहीं कराया जा रहा है। शौचालय की भी कोई व्यवस्था नहीं है। पीने वाले पानी में कीड़ा है। बार-बार प्रशासन से खाना खाने के लिए पैसा मांगने पर भी नहीं दिया जा रहा है। भीषण गर्मी में भी हमलोगों को बिना खाना और पानी के रहना पड़ रहा है। प्रदर्शन में शामिल विकास यादव, पिंटू कुमार, दीपू कुमार सिंह ने बताया कि यहां कोई व्यवस्था नहीं है। खाने के लिए खुराकी भी नहीं दिया जा रहा है। इस वजह से हमलोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इसी बात को लेकर हमलोगों ने प्रदर्शन किया। वहीं, सड़क जाम की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस टीम मौके पर पहुंची। प्रदर्शन कर रहे चालकों को समझा-बुझाकर मामला शांत कराया।



## बिहार में पहली बार विमेंस कबड्डी लीग का होगा आयोजन, 10 से 16 जून तक चलेगा मैच

### प्रतियोगिता में कुल 6 टीमें भाग लेंगी

एजेंसी, पटना।

प्रो. कबड्डी लीग की तर्ज पर बिहार में पहली बार महिला कबड्डी लीग का आयोजन किया जा रहा है। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण 10 से 16 जून तक 'बिहार विमेंस कबड्डी लीग' (BWKL) का आयोजन करेगी। सात दिनों तक चलने वाले इस लीग में 6 टीमें भाग लेगी। प्रतियोगिता पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित की जाएगी। सभी टीमों के अलग-अलग नाम रखे जाएंगे, जिसकी घोषणा जल्द होगी।

**फरवरी महीने में हुआ था सेलेक्शन ट्रायल:** बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, खेल विभाग और महिला विकास निगम के संयुक्त प्रयास से इसका आयोजन किया जा रहा है। हर टीम में रेडर और डिफेंडर बराबर रहेंगे। फरवरी महीने में इसके लिए महिला खिलाड़ियों का सेलेक्शन ट्रायल हुआ था। इसमें राज्य की सभी महिला कबड्डी खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। सेलेक्शन ट्रायल में ध्यानचंद अवॉर्ड से सम्मानित भारतीय कबड्डी टीम की कोच कविता सेल्वराज थीं।



**बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को दी जाएगी ट्रेनिंग:** इस लीग में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान हासिल करने वालों को अवॉर्ड के साथ-साथ नगद राशि भी दी जाएगी। अभी इस राशि की घोषणा नहीं की गई है। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक सह मुख्य कार्यकारी अधिकारी रविंद्रण शंकरण ने बताया कि आयोजन का मकसद खिलाड़ियों को ज्यादा से ज्यादा मैच खेलने के लिए मौका देना है। इसके साथ ही इस टूर्नामेंट से बेहतर खिलाड़ियों को चुनकर उन्हें ट्रेनिंग देना है। ताकि वह आगे जाकर बिहार की तरफ से देश को नेशनल-इंटरनेशनल मैच में रिप्रेजेंट कर सके।

## पटना में अवैध संबंध में हत्या, पुलिस पर पथराव

एजेंसी, पटना।

पटना के फुलवरिया गांव में मां-बेटी से अफेयर के चलते पति की हत्या के बाद बवाल मच गया।छोटे मलिक 8 दिन से गायब था। पुलिस ने हत्या के शक में सोनू उर्फ आफत को हिरासत में लेकर पूछताछ की। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस गंगा किनारे पहुंची। वहां छोटे मलिक के कपड़े मिले। आरोपी ने बताया कि उसने हत्या के बाद बॉडी को गंगा में फेंक दिया। परिवार को जैसे ही ये जानकारी मिली ग्रामीण उग्र हो गए। लोगों ने पटना बख्तियारपुर पुराने नेशनल हाईवे को जाम कर दिया। मौके पर पहुंची पर भी हमला किया गया है। इसमें थानाध्यक्ष अरविंद कुमार सहित कई लोग घायल हो गए हैं। खुसरूपुर थाने में चुनाव के लिए आए पुलिस फोर्स को उतरना पड़ा। बड़ी संख्या पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे हैं। बल प्रयोग करते हुए कई लोगों को हिरासत में लिया गया है।



**21 मई की शाम से गायब था कल्लू मलिक:** दरअसल, कल्लू मलिक 21 मई की शाम से गायब है। घर वापस नहीं आने पर थाने में FIR दर्ज कराई गई थी। अभी तक उसके बारे में कोई जानकारी नहीं मिली है। उसका कुछ सामान मिलने पर परिजन आक्रोशित हो गए। मंगलवार को ग्रामीणों के साथ सड़क पर उतर गए। इसके बाद हंगामा बढ़ गया। दो दिन पहले भी इस मामले को लेकर पटना बख्तियारपुर हाईवे को कुर्था के पास जाम किया गया था।

**अवैध संबंध से जुड़ रहा मामला-एसपी:** बवाल होने के बाद ग्रामीण एसपी रोशन कुमार मौके पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि एक सप्ताह पहले का यह मामला है। इस मामले में कुछ लोगों की गिरफ्तारी भी हुई है। डॉग स्क्वायड की टीम ने कल्लू मलिका का कपड़ा बरामद किया था। इस मामले में सोनू कुमार को गिरफ्तारी की गई है। इसी मामले को लेकर कल्लू मलिक के परिजनों ने ग्रामीणों के साथ मिल कर हंगामा किया है। उन्होंने यह भी कहा कि फिलहाल यह मामला अवैध संबंध का भी लग रहा है। जल्द ही पूरे मामले का खुलासा करेंगे। फिलहाल मौके पर खुसरूपुर थानाध्यक्ष सहित कई पुलिसकर्मी घायल हो गए हैं। फतुहा डीएसपी निखिल कुमार सहित फतुहा, दनियावां, शाहजहांपुर ,दीदारगंज, खुसरूपुर थाना की पुलिस काफी संख्या में पुलिस पहुंची हुई है। कुर्था गंगा घाट पर कल्लू मलिक और उसके चचेरे भाई संजय मलिक शव जलाने का काम करते थे। एक महीना पहले दोनों के बीच विवाद हुआ था। 21 मई को कुर्था के बिंद टोली से एक व्यक्ति का शव जलाया गया था। दोनों ने मिलकर पहले पैसे बांटे। इसके बाद कल्लू मलिक गायब हो गया।

**♦ मां-बेटी से था अफेयर, पति को मारकर गंगा में फेंका, आरोपी गिरफ्तार**

## वीकेंड पर श्रीकृष्ण विज्ञान केन्द्र शाम 7 बजे तक खुलेगा

एजेंसी, पटना।


श्रीकृष्ण विज्ञान केन्द्र अब हर शनिवार और रविवार को शाम 7 बजे तक खुला रहेगा। इस दिन दर्शकों के लिए प्रवेश सुबह 9 बजकर 45 मिनट से शुरू होगा। वहीं, दर्शकों के लिए टिकट काउंटर शाम 6 बजे तक खुलेगा। दर्शकों की संख्या अधिक होने और उनके विज्ञान से संबंधित जिज्ञासा और रोचक जानकारियों को ग्रहण करने की स्थिति को ध्यान में रखते हुए ऐसे किया गया है। वहीं, सोमवार से शुक्रवार तक सुबह 9:30 बजे से शाम 6 बजे तक केन्द्र खुला रहेगा, इस दिन टिकट काउंटर शाम 5:15 बजे तक खुला रहेगा। विज्ञान केंद्र में समर कैंप का आयोजन किया गया है। इस साल केन्द्र द्वारा शिविर का प्रथम चरण का आयोजन 20 मई से 6 जून तक किया जा रहा है। इस कैंप में कक्षा 3 से 12 तक के बच्चों को विभिन्न विषयों पर वर्कशॉप कराया जा रहा है। वहीं, बच्चों की सीखने की जिज्ञासा और उनकी सहभागिता को देखते हुए इस साल समर कैंप का द्वितीय चरण भी कराया जाएगा, जो कि 6 जून से 15 जून तक चलेगा। श्रीकृष्ण विज्ञान केन्द्र के इनोवेशन हब में अब बच्चें देर शाम तक भी वर्कशॉप कर सकेंगे। यह वर्कशॉप मंगलवार से गुरुवार और खासकर शनिवार और रविवार को दो पालियों में सुबह 10 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक और दोपहर 3 बजे से शाम 5:30 बजे तक विभिन्न विषयों पर आयोजित कराई जाएगी।



## उत्तर बिहार में बारिश, दक्षिण में हॉट नाइट का अलर्ट

एजेंसी, पटना।

बिहार में रेमल तूफान का असर देखने को मिला। सोमवार को 9 जिलों में हल्के दर्जे की बारिश हुई। मौसम विभाग के मुताबिक प्रदेश के अधिकतर जिलों में आज उमस भरी गर्मी लोगों को परेशान करेगी। इसको लेकर 14 जिलों में हॉट नाइट को लेकर यलो अलर्ट जारी किया गया है। वहीं 7 जिलों में बारिश के साथ साथ 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से तेज हवा को लेकर भी यलो अलर्ट जारी किया गया है। वहीं तीसरे दिन लगातार बक्सर सबसे गर्म रहा, यहां का पारा 43.2 डिग्री दर्ज किया गया। बिहार में फिलहाल दो तरीके का मौसम देखने को मिल रहा है। जहां उत्तर बिहार के कई जिलों में बारिश हो रही है। वहीं दक्षिण बिहार में गर्मी लोगों को सता रही है। विभाग की माने तो 1 जून तक उत्तर बिहार के19 जिलों के कुछ जगहों पर हल्की बारिश के आसार हैं। दक्षिण बिहार के ज्यादातर जिले जिसमें पटना, नालंदा, जहानाबाद, बेगूसराय, लखीसराय, गया, नवादा, शेखपुरा, आरा, बक्सर समेत बाकी जिलों में गर्मी बनी रहेगी इन जिलों का अधिकतम तापमान 40 डिग्री के आसपास या उससे ज्यादा दर्ज किया जा सकता है। लगातार तीसरे दिन बक्सर सबसे गर्म रहा है। यहां का अधिकतम तापमान 43.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।



## लालू बोले- मोदी अवतार नहीं, 4 जून को होगी विदाई

एजेंसी, पटना।

लोकसभा चुनाव के आखिरी चरण में पाटलिपुत्र लोकसभा सीट पर एक जून को वोटिंग होनी है। मतदान से पहले मंगलवार को राजद प्रमुख पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद फुलवारीशरीफ स्थित खानकाह पहुंचे। वहां उन्होंने खानकाह के पीर साहब से मुलाकात की। मुलाकात के बाद लालू यादव ने कहा 4 जून को हमारी सरकार बनेगी। पीएम मोदी खुद को अवतार बताते हैं। वो अवतार नहीं हैं। 4 जून को वह जा रहे हैं और हमारी सरकार बन रही है। खानकाह के पीर साहब से मुलाकात के दौरान क्या बातचीत हुई यह साफ नहीं हो पाया है,लेकिन यह माना जा रहा है कि अपनी बेटी मीसा भारती के पाटलिपुत्र लोकसभा से चुनाव जीतने के लिए पीर साहब का आशीर्वाद लेने पहुंचे थे।





**कई लोगों से की मुलाकात:** 10 मिनट लालू खानकाह में रूके और पीर साहब से मुलाकात की। इस दौरान लालू प्रसाद के साथ पूर्व मंत्री अब्दुल बारी सिद्दीकी और पूर्व विधायक अबू दोजाना साथ थे। वहां, खानकाह के सभी लोगों से मुलाकात की। फिर लालू प्रसाद वहां से गाड़ी में बैठकर निकल गए। लालू प्रसाद के खानकाह पहुंचने के बाद खानकाह के महासचिव मौलाना मिनहाजुद्दीन ने उनका इस्तकबाल किया। पाटलिपुत्र संसदीय सीट के अंतर्गत आने वाले फुलवारीशरीफ मुस्लिम बहुल इलाका है। यहां बड़ी संख्या में मुसलमान मतदाता हैं। लालू प्रसाद अच्छी तरह से जानते हैं कि यहां मुसलमानों का वोट निर्णायक हो सकता है। मुस्लिम टोपी पहनकर लालू दानापुर के फुलवारीशरीफ स्थित इमारत-ए-सरीया पहुंचे थे।

**♦ मीसा के लिए वोट मांगने फुलवारी पहुंचे, 10 मिनट तक की पीर साहब से मुलाकात**

**हताशा में हैं लालू यादव:** लालू प्रसाद यादव के दावे पर भाजपा प्रवक्ता नीरज कुमार ने कहा कि लालू प्रसाद यादव हताशा और निराशा में चले गए हैं। जो मन आता है वह बोलते हैं। लालू प्रसाद यादव को सपने देखने से कोई नहीं रोक सकता। हकीकत यह है कि 4 जून को बीजेपी की सरकार बन रही है और 4 400 से ज्यादा सीट आ रही है। वहीं लालू प्रसाद यादव के दावे पर जदयू प्रवक्ता अरविंद निषाद ने कहा कि चुनावी नतीजे से ठीक पहले दवा करना लालू प्रसाद का पुराना इतिहास रहा है। जैसे ही 4 जून को ईवीएम से गिनती शुरू होगी और एनडीए के जीत होगी।अगले दो दिनों तक फिर वह मीडिया से बचते रहेंगे और कोई बयान नहीं देंगे।

**ED से बचने के लिए खुद को अवतार कहते हैं:** सोमवार को पटना में राहुल ने पीएम मोदी पर निशाना साधते हुए कहा था कि ED से बचने के लिए कहते हैं बड़े-बड़े फैसले मैं नहीं, परमात्मा लेते हैं। इससे पहले कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पटना के बख्तियारपुर में जनसभा की। उन्होंने करीब 18 मिनट का भाषण दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### पानी निकलने से पहले ही सबमर्सिबल फेल

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** वार्ड 48 के शक्ति नगर मोहल्ले में हनुमान मंदिर के पास लगे सबमर्सिबल से पानी निकलने से पहले ही पंप फेल हो गया। इसकी शिकायत सोमवार को मिलने के बाद मेयर निर्मला साहू ने निगम के जेई मनोज कुमार बैठा को जांच के निर्देश दिए हैं। स्थानीय निवासियों के मुताबिक मानकों को ताक पर रख कर ठेकेदार के स्तर से जैसे-तैसे सबमर्सिबल लगा दिया गया। बीच में एक बार सबमर्सिबल को चालू करने पर कीचड़ निकला था। उसके बाद से बंद पड़ा है। मेंटेनेंस की जिम्मेवारी होने के बावजूद ठेकेदार के स्तर से कोई पहल नहीं की जा रही है। इसके कारण शक्ति नगर व आसपास के इलाकों में लोगों को पानी के लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### मड़वन में पिकअप पर लदी शराब व बियर बरामद

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** करजा थाना क्षेत्र के मड़वन टेढिया पुल के समीप से सोमवार को पुलिस ने एक पिकअप पर लदी शराब व बियर बरामद की है। चालक व तस्कर भागने में सफल रहा। मामले में एएसआई सियाराम सिंह के बयान पर करजा थाना में मामला दर्ज किया गया है, जिसमें रौतनिया का गाड़ी मालिक दिलीप साह, पानापुर ओपी के मणि फुलकाहां का शंकर साह व अज्ञात चालक को आरोपित किया है। एएसआई ने बताया कि सूचना के आधार पर रौतनिया पेट्रोल पंप के समीप वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया था। इसी दौरान पकड़ी की ओर से पिकअप लेकर आ रहे चालक को रुकने का इशारा किया, लेकिन वह तेजी से भगाने लगा। पीछा कर मड़वन टेढिया पुल के समीप पकड़ लिया गया। तलाशी के दौरान शराब व बियर बरामद की गई। गिनती में कुल 33 लीटर शराब व 491 लीटर बियर थी। थानाध्यक्ष सुनील कुमार यादव ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है। पिकअप को जब्त कर लिया गया है। शीघ्र ही आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### रामदुलारपुर मंदिर प्रागंण में सामुदायिक भवन निर्माण शुरू

**भागलपुर, एजेंसी।** वार्ड 10 के रामदुलारपुर मंदिर प्रांगण में करीब 17.76 लाख रुपये की लागत से सामुदायिक भवन का निर्माण शुरू हो गया। इसमें दो कमरे, बड़ा हॉल समेत प्रसाधन निर्माण होगा। क्षेत्र के पार्षद जीवन कुमार ने बताया कि शुभ मुहूर्त में भूमिपूजन पहले कर दिया गया था। सोमवार को नगर निगम के जेई तारिक अनवर की मौजूदगी में निर्माण कार्य शुरू हो गया। इसके बनने से आसपास के लोगों को विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों के आयोजन में सुविधा होगी।

### आग लगने से एक घर जलकर राख

**गोराडीह, एजेंसी।** थाना क्षेत्र के गोराडीह महादलित टोला में आग लगने से जलधर दास का घर जलकर राख हो गया। घटना सोमवार देर शाम की बतायी जा रही है। आग लगने के बाद ग्रामीणों की भीड़ जुट गयी और आग बुझाने का प्रयास किया गया। लेकिन आग इतनी तेज थी जबतक लोग कुछ कर पाते पुरा घर जलकर राख हो गया। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। लेकिन तब तक घर में रखा समान जलकर राख हो गया चुका था। पीड़िता अनीता देवी ने बताया कि आग कैसे लगी पता नहीं है।

### घर में लगी आग, ग्रामीणों ने बुझाया

**भागलपुर, एजेंसी।** नूरपुर पंचायत के करेला गांव स्थित राजीव कुमार के घर में रविवार देर रात अचानक आग लग गई। घर मालिक राजीव कुमार ने बताया कि रात के समय बच्चे घर आपस में खेल रहे थे। घर में ज्यादा मात्रा में लकड़ी रखी थी। शॉर्ट सर्किट हुई याअ अन्य कारण से घर में आग लग गयी। बच्चों को ग्रामीणों ने बाहर निकाला। परिजनों व स्थानीय लोगों ने आग बुझाया। आग से करीब दो से तीन लाख का सामान जलकर राख हो गया। सीओ नाथनगर ने बताया कि लिखित शिकायत मिलने पर राजस्व कर्मचारी को भेजकर घटना का मूल्यांकन कराया जाएगा।

# रामकृपाल यादव पाटलिपुत्र में भाजपा का दुर्ग बचाने को मैदान में, लालू की बेटी मीसा भारती से तीसरी बार जंग



**पाटलिपुत्र, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता रामकृपाल यादव बिहार के जाने-पहचाने चेहरे हैं। इस बार उन्हें भाजपा ने पाटलिपुत्र से लगातार तीसरी बार प्रत्याशी बनाया है। पटना नगर निगम के उपमहापौर से राजनीति में प्रवेश करने वाले रामकृपाल तीन बार राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) और और दो बार भाजपा के टिकट पर सांसद बन चुके हैं। चुनाव में वह दो बार आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव की बड़ी बेटी मीसा भारती को हरा चुके हैं। तीसरी बार फिर उनका मुकाबला मीसा से ही है। उनके सामने अपना दुर्ग बचाने की चुनौती है। रामकृपाल यादव की पहचान सर्वसुलभ एवं सहज उपलब्ध नेता की रही है। क्षेत्र का कोई सामान्य नागरिक भी अपने घर के किसी समारोह में आने का आमंत्रण दे तो वह जरूर शामिल होते हैं। उन्होंने 10वीं की परीक्षा 1974 में और 1978 में स्नातक की परीक्षा पास की। रामकृपाल यादव की शुरू से ही राजनीति में रुचि थी। युवा अवस्था से ही छात्र आंदोलनों में सक्रिय रहे। वर्ष 1977 में अपनी राजनीतिक जीवन की शुरुआत की। 1977 में छात्र संघ के अध्यक्ष एवं विश्वविद्यालय के सिनेटर चुने गए। 1985 में नगर निगम के चुनाव में वार्ड संख्या-10 से पार्षद बने और पटना के उपमहापौर बने।

वर्ष 1993 में पहली बार सांसद बने रामकृपाल यादव पहली बार 1992 में बिहार विधान परिषद के सदस्य बने। 1993 में वह पहली बार राजद के टिकट पर लोकसभा सदस्य बने। फिर 1996 में दूसरी बार सांसद बने। 1998 से 2005 तक वह बिहार धार्मिक न्यास परिषद के अध्यक्ष रहे। 2004 में वह राजद के टिकट पर ही पटना से तीसरी बार सांसद बने। वर्ष 2010 में राष्ट्रीय जनता दल की ओर से राज्यसभा के सदस्य बने।

#### 2014 में भाजपा में शामिल

साल 2014 में रामकृपाल यादव आरजेडी से पाटलिपुत्र लोकसभा क्षेत्र से टिकट चाह रहे थे। राजद से टिकट नहीं मिलने पर वह भाजपा में शामिल हो गए। भाजपा प्रत्याशी के रूप में वह पाटलिपुत्र लोकसभा क्षेत्र से 2014 में 16वीं लोकसभा के सदस्य चुने गए और केंद्र सरकार में पेयजल एवं स्वच्छता राज्यमंत्री बने। बाद में वह ग्रामीण विकास राज्यमंत्री भी बने। 2019 में वह भाजपा के टिकट पर दोबारा पाटलिपुत्र से सांसद चुने गए।

#### सामाजिक समीकरण साध रहे

पाटलिपुत्र लोकसभा क्षेत्र में 20 लाख से अधिक मतदाता हैं। इसमें पांच लाख से अधिक यादव वोटर हैं। इसके बाद चार लाख कुर्मी तो तीन लाख भूमिहार वोटर हैं। दलित और मुस्लिम की भी ठीक-ठाक आबादी है। रामकृपाल के सामने सामाजिक समीकरणों को अपने पक्ष में करने की चुनौती है।

### बिहार में पुरुषों से ज्यादा महिलाएं कर रहीं मतदान, किसे होगा फायदा?

रामकृपाल यादव एक जमाने में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और आरजेडी अध्यक्ष लालू प्रसाद के काफी करीबी रह चुके हैं। वह राजद के बड़े नेताओं में शुमार थे। पार्टी के तमाम अहम फैसलों में इनकी सक्रिय भागीदारी रहती थी।

#### तीसरी बार मीसा से मुकाबला

इस बार भी पाटलिपुत्र सीट पर उनका मुकाबला आरजेडी अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव की पुत्री मीसा भारती से है। पिछले लोकसभा चुनाव में उन्होंने मीसा को 39,321 मतों से पराजित किया था। इस बार इंडिया गठबंधन ने इस सीट पर पूरा जोर लगा रखा है। इस लिहाज से मुकाबला कांटे का है।

# दस जून तक जर्दालू आम की खेप विदेश जाएगी



**भागलपुर, एजेंसी।** जर्दालू आम इस बार भी विदेशी मंडी में उतरेगी। इसकी तैयारी स्थानीय स्तर पर शुरू हो गई है। हालांकि इस बार आम की फसल पर मौसम की मार पड़ी है लेकिन जो किसान जर्दालू आम की कनसाइनमेंट पिछले कुछ सालों से भेजते रहे हैं, वह इस बार भी तैयारी में जुटे हैं। जर्दालू आम की पहली कनसाइनमेंट इस बार भी इंग्लैंड ही भेजने की तैयारी है। इंग्लैंड जा रही पहली कनसाइनमेंट एक टन की होगी।

पीरपैंती के किसान कृष्णानंद सिंह ने बताया कि 10 जून तक इंग्लैंड के लिए कनसाइनमेंट भेजने की तैयारी है। उन्होंने बताया कि 1-2 जून के बाद जर्दालू की हार्वेस्टिंग ही होगी। उन्होंने बताया कि लखनऊ के पैक हाउस के माध्यम से कनसाइनमेंट की बुकिंग होगी। इधर सुल्तानगंज के किसान मनीष सिंह ने भी आम के एक्सपोर्ट की तैयारी कर ली है। हार्वेस्टिंग शुरू होने के बाद भेजने की प्रक्रिया शुरू होगी। इंग्लैंड के अलावा दुबई, बहरीन और बेल्जियम में भी जर्दालू आम की कनसाइनमेंट भेजी जाएगी। पिछले साल इंगलैंड, बेल्जियम और बहरीन में कुल 4.5 टन आम निर्यात किया गया था। योजना थी कि पिछले साल से दोगुना यानि 9 टन जर्दालू आम के एक्सपोर्ट किया जाएगा। लेकिन स्थिति के अनुसार लक्ष्य कम हो सकता है।

### जर्दालू आम की गुणवत्ता निरीक्षण करने पहुंचे डीएचओ एवं वैज्ञानिक

जिला प्रशासन की ओर इस बार राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री सहित दिल्ली के विशिष्ट लोगों को जर्दालू आम संदेश के रूप में भेजने की तैयारी शुरू हो गई है। महेशी पंचायत स्थित मधुवन नर्सरी में आमों की ग्रेडिंग की जाएगी। सोमवार को महेशी एवं तिलकपुर पंचायत स्थित विभिन्न बागों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण करने पहुंचे वैज्ञानिक ,डीएचओ ने दिल्ली भेजे जाने वाले जर्दालू आम की गुणवत्ता की जांच की। निरीक्षण दल में डीएचओ अभय कुमार मंडल, फल वैज्ञानिक डा. रविंद्र कुमार, डा. सोमिक सेन गुप्ता शामिल थे। मैंगोमैन अशोक कुमार चौधरी के नेतृत्व में महेशी व तिलकपुर स्थित विभिन्न जर्दालू आम के बागों का निरीक्षण किया।

### जर्दालू आम पर आज डीडीसी करेंगे बैठक

राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री समेत कई गणमान्य लोगों को अंग क्षेत्र की सौगात के रूप में जर्दालू आम भेजा जाएगा। इसको लेकर मंगलवार को डीडीसी की अध्यक्षता में अंतिम निर्णय लिया जाएगा। डीडीसी कुमार अनुराग ने बताया कि मंगलवार को कृषि अधिकारियों को बुलाया गया है। इसमें दिल्ली स्थित बिहार भवन से मांग को लेकर आम की तैयारी पर चर्चा होगी। किस किसान से आम लेना है, कहां पैकेजिंग होगी, कैसी पैकेजिंग होगी, कैसे आम दिल्ली जाएगा। कब जाएगा। इन सब चीजों पर शाम तक बैठक में फाइनल कर लिया जाएगा।

# पीजी सेकेंड सेमेस्टर की 4500 कॉपियों की दोबारा जांच शुरू

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** बीआरएबीयू में सोमवार को छात्र संवाद का आयोजन किया गया। अध्यक्षता प्रॉक्टर प्रो. वीएस राय ने की। संवाद में डीएसडब्यू प्रो. अभय कुमार सिंह, परीक्षा नियंत्रक प्रो. टीके डे और विकास अधिकारी डॉ पंकज कुमार भी शामिल हुए। संवाद में पीजी सेकेंड सेमेस्टर के कई छात्रों ने रिजल्ट के नहीं सुधार होने की शिकायत की। इसपर परीक्षा नियंत्रक ने कहा कि पीजी में 4500 कॉपियों की फिर से जांच कराई जा रही है। जल्द ही इसका रिजल्ट आ जायेगा। प्रॉक्टर ने कहा कि हमलोग छात्र संवाद की तरह ही एक और संवाद करने पर विचार कर रहे हैं। इसमें कॉलेजों, शिक्षकों और कर्मियों की शिकायतें सुनी जाएंगी। महीने में एक दिन ऐसी व्यवस्था करने पर विचार किया जा रहा है। छात्र संवाद में पेंडिंग क्लीयर होने पर एमडीडीएम की छात्रा पूनम ने विवि के परीक्षा नियंत्रक को धन्यवाद भी दिया। संवाद में बीसीए के कई छात्रों ने कहा कि उनलोगों को फोर्थ सेमेस्टर में प्रमोट कर दिया गया है, इस कारण कॉलेज छठे सेमेस्टर का प्रोजेक्ट नहीं ले रहा है। छात्रों ने शपथ पत्र के साथ छठे सेमेस्टर में परीक्षा फार्म भरवाने की मांग की। एलएनडी कॉलेज मोतिहारी से आई अंशिका ने कहा कि वह सत्र 2020-23 की छात्रा है। पार्ट टू में सब्सिडियरी का रिजल्ट अबतक नहीं जुड़ा है। छात्रा मूर्ति कुमारी ने कहा कि वह पीजी सत्र 2021-23 की छात्रा है। नंबर कम आने पर उसने आरटीआई लगाई, लेकिन बीते अगस्त से लेकर अबतक उसे कॉपी नहीं दी गई। इसके बाद इस मामले की छानबीन की गई। पता चला कि उस समय की जो एजेंसी थी, उसकी गड़बड़ी के कारण कॉपी नहीं मिल रही है। मामले को परीक्षा बोर्ड में ले जाने की बात कही गई। आरबीबीएम की छात्रा दिव्या भारती ने कहा कि स्नातक पहले सेमेस्टर सत्र 2023-27 में उसका एमडीसी का नंबर नहीं जुड़ा है। एक अन्य छात्रा ने भी वैल्यू एडेड कोर्स का नंबर नहीं जुड़ने की शिकायत की। एमजेके कॉलेज बेतिया से आये एक छात्र ने कहा कि उसे लाइब्रेरी से किताबें नहीं मिल रही हैं। एक निजी बीएड कॉलेज की शिकायत लेकर भी छात्र पहुंचे। संवाद में परीक्षा विभाग के दीपेंद्र भारद्वाज, डीएसडब्ल्यू कार्यालय के चंदन कुमार, परीक्षा विभाग के रंजीत कुमार, नवीन कुमार, अक्षय कुमार भी मौजूद रहे।

# दीप मध्य विद्यालय में डीपीओ ने किया निरीक्षण, उपस्थिति पंजी में बनी थी 510 की हाजरी, मौजूद थे मात्र 432 छात्र

### निरीक्षण . प्रभारी एचएम के खिलाफ मिली कई खामियां, डीपीओ ने कार्रवाई का दिया भरोसा



**झंझारपुर, एजेंसी।** दीप गांव स्थित मध्य विद्यालय में डीपीओ मध्याह्न भोजन ने औचक निरीक्षण किया। डीपीओ के निरीक्षण के दौरान ग्रामीण द्वारा की गई शिकायत के आलोक में कई खामियां स्कूल में मिली। निरीक्षण के दौरान उपस्थिति पंजी से काफी कम संख्या में छात्र उपस्थित पाए गए। डीपीओ विमलेश कुमार चौधरी ने प्रभारी एचएम सुखदेव पासवान पर भड़क गये। उन्होंने कहा कि लगाए गए आरोप काफी हद तक सही है। डीपीओ ने कहा कि ग्रामीण नीतीश रंजन के द्वारा परिवाद दायर कर स्कूल प्रभारी डा सुखदेव पासवान पर विभिन्न तरह के अनियमितता व फर्जीवाड़ा का आरोप लगाए गए थे। जिसके आलोक में वह स्कूल का औचक निरीक्षण किया है। इसमें प्रभारी प्रधानाध्यापक के द्वारा छात्रों की उपस्थिति पंजी में ज्यादा छात्र की उपस्थिति दर्ज की गई थी। जब एक एक क्लास में छात्रों की गिनती करवाई गई, तो उपस्थिति पंजी और उपस्थित छात्र में लगभग 50 से अधिक छात्र का अंतर था। अनियमितता करने में स्कूल शिक्षकों को प्रभारी का शह मिलता रहता है। जिसके कारण अन्य शिक्षक भी मनमर्जी करते हैं। इन लोगों ने कहा स्कूल में 802 छात्र छात्राएं नामांकित हैं। जिसमें डीपीओ के निरीक्षण के दौरान 510 छात्रों की उपस्थिति दिखाई गई थी। लेकिन डीपीओ की गणना करने पर 432 छात्र ही उपस्थित पाए गए थे। बताया जाता है कि दीप गांव के नीतीश रंजन द्वारा 2 मई को जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी कार्यालय में शिकायत कर प्रभारी प्रधानाध्यापक द्वारा छात्रों का फर्जी उपस्थिति बनाकर मध्याह्न भोजन की राशि गबन कर लेने का आरोप लगाया था।

# 2 जिले के 55 गांवों के लिए जीवनदायिनी नदी के जीर्णोद्धार का मास्टर प्लान तैयार



**समस्तीपुर, एजेंसी।** मृतप्राय हो चुकी बलान नदी को जल्द ही संजीवनी मिलने वाली है। नदी की उड़ाही के लिए विभागीय कार्रवाई शुरू हो गई है। इसके अस्तित्व को बचाने के लिए 150 करोड़ रुपए की योजना बनाई गई है। इसके लिए डीपीआर भी बनकर तैयार है। जलसंसाधन विभाग की टीम का सर्वे अंतिम चरण में है। मनरेगा से इसके किनारे पौधरोपण कर छोटे छोटे तालाब बनाकर जल संचयन का स्ट्रक्चर खड़ा करने की परियोजना को मंजूरी दी है। अगले माह विभाग से अनुमति मिलते ही इसपर काम शुरू हो जाएगा। 90 के दशक का वह दौर जब बलान नदी की कल-कल करती धारा अपने आगोश में जल के साथ-साथ उपजाऊ मिट्टी लाकर उसके तट पर बसे लोगों के जीवन को खुशहाल बना देती थी। अब फिर से इसको वैसा ही बनाने की ?योजना पर काम हो रहा है। समस्तीपुर जिला स्थित सरायरंजन प्रखंड के अरमौली में नून व जमुआरी नदी के संगम से उत्पन्न होकर उजियारपुर, विद्यापतिनगर, दलसिंहसराय, बछ्वाड़ा होते बेगूसराय के नौला भीठ स्थित स्लुइस गेट तक जाकर बूढ़ी गंडक में समाहित होनेवाली यह नदी कुल 82 किलोमीटर का सफर तय करती है। तकरीबन 55 गांवों की लाखों आबादी के लिए यह जीवनदायिनी बनकर उनका भरण-पोषण करती रही थी। लेकिन कालांतर में उपेक्षा व लोगों की लालच ने इसके अस्तित्व पर ही संकट खड़ा कर दिया। नदी की पेटी पानी की जगह गाद, जलकुंभी व कचरों ने से भर गया। दम तोड़ने के कगार पर पहुंच चुकी इस नदी में धीरे-धीरे पानी भी समाप्त होने लगा है। इसके किनारे सिंचाई के लिए लगी बोरिंग भी जबाव देने लगी है। बिहार सरकार ने सूखी व मृतप्राय हो रही नदियों को पुनर्जीवित करने लिए मनरेगा की ओर से योजनाएं बनायी हैं। पहली कड़ी में राज्य की जिन दो दर्जन नदियों को जीवित करने का निर्णय लिया गया है उनमें समस्तीपुर के बलान, नून, जमुआरी, बैंती, चान्हा का भी नाम है। इसके लिए 6072 तैयार परियोजनाओं में नदियों के किनारे छोटे-छोटे तालाब बनेंगे व जल संचयन के लिए स्ट्रक्चर खड़े किये जायेंगे। वहीं, इन नदियों के किनारे तीन लाख 66 हजार पौधे भी लगाये जायेंगे। ट्बलान नदी की गाद व जलकुंभी की उड़ाही के लिए सर्वे का कार्य चल रहा है। सरकार की अनुमति मिलते ही काम शुरू हो जाएगा। जहां भी जरूरत होगा, उन स्थानों पर चेक डैम का निर्माण कर उससे जुड़े पाइन और आहर के माध्यम से सिंचाई की भी सुविधा उपलब्ध होगी।

**नवीन कुमार,** कार्यपालक पदाधिकारी, बाढ़ प्रमंडल, दलसिंहसराय

विभागीय सूत्रों ने बताया कि बलान नदी के कुल 82 किलोमीटर एरिया में जमे गाद , जलकुंभी व कचरे की उड़ाही के लिए तकरीबन 150 करोड़ का डीपीआर सरकार को जल्द ही भेजा जाएगा। स्वीकृति मिलते ही अत्याधुनिक तकनीक का इस्तेमाल कर इसकी सफाई की जाएगी। इससे दो जिलों की लाखों आबादी फिर से खुशहाल होगी और किसानों के चेहरे खिल उठेंगे। इसके लिए सर्वे का काम लगभग पूरा हो गया है।

### बुखार से हुई बेहोश, अस्पताल में चल रहा इलाज



# भीषण गर्मी में हीट स्ट्रोक से एक स्कूल की 20 छात्राएं बीमार

**पटना, एजेंसी।** बिहार में गर्मी का सितम ढा रही है। सोमवार को सारण में भीषण गर्मी से 20 छात्राएं बीमार हो गई। मशरक मुख्यालय से 5 किमी दूरी पर कवलपुरा गांव के आवासीय कस्तूरबा बालिका विद्यालय की 20 छात्राएं तेज बुखार व दर्द से छटपटाने लगीं । वार्डन अलंकार ज्योति व अकाउंटेंट पूजा सिंह ने मशरक अस्पताल में इसकी सूचना दी जिसके बाद सभी को एंबुलेंस से मशरक सामुदायिक स्वास्थ केंद्र लाया गया । चिकित्सा पदाधिकारी डॉ चंद्रशेखर सिंह , डॉ एस के विद्यार्थी सहित एक दर्जन मेडिकल टीम चिकित्सा में जुटी।

घटना की सूचना मिलते ही बीडीओ मशरक पंकज कुमार , प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी डॉ वीणा कुमारी अस्पताल पहुंची। इलाज कर रहे डॉक्टर चंद्रशेखर सिंह ने बताया कि सभी छात्रा हीट स्ट्रोक का शिकार हैं जिसके कारण हाई फीवर सहित बेचैनी है । सभी को गहन चिकित्सा में रखा गया है। हालांकि अस्पताल में एसी व कूलर नहीं होने से डॉक्टर भी परेशान दिखे।कस्तूरबा विद्यालय में नामांकित एक सौ छात्रा में सोमवार को 40 छात्रा ही मौजूद थीं जिसमें 20 की हालत खराब है।

बीमार छात्राओं में मशरक के अलावा सीमावर्ती प्रखंड की है जिसमें चिंता कुमारी, ब्यूटी कुमारी ,रौशनी कुमारी ,खुशी कुमारी ,अन्नी कुमारी ,खुशबू खातून ,नंदनी कुमारी, अनिशा कुमारी,मनीषा कुमारी, संध्या कुमारी, अमृता कुमारी, ज्योति कुमारी, सोनाली कुमारी, खुशबू कुमारी, तबस्सुम खातून सहित अन्य बीमार हैं। सभी के परिजनों को सूचित किया गया है। कस्तूरबा आवासीय विद्यालय में एक कमरे में 15 से 20 छात्राएं रहती हैं। कमरे में बेहतर हवा नहीं आने से भी परेशानी बढ़ी। रविवार की रात रोटी , तड़का इन्हें खाना में मिला । सोमवार को चना गुड़ तो कइ ने दही चूड़ा खाकर बुनियादी विद्यालय कवलपुरा में पढ़ाई करने के बाद 12 बजे दोपहर में हॉस्टल आईं। चावल, दाल व सब्जी खाने के थोड़ी देर बाद से ही एक एक कर सभी बुखार से तड़पने लगीं। बच्चियों के अनुसार दो ङ्क तीन छात्रा सुबह से ही बीमार थीं। बुनियादी विद्यालय के प्रधानाध्यापक व कस्तूरबा के प्रभारी शिव शम्भू सिंह ने बताया कि एक बजे मैं छपरा लौटा उस वक्त सबकुछ सामान्य था। हालांकि कस्तूरबा में पदस्थापित शिक्षिका आज ही अवकाश पर गई है। उधर, सूचना मिलने पर बीडीओ, बीईओ समेत अन्य अफसर भी अस्पताल पहुंचे। बीईओ ने कहा कि कई विद्यालयों में हीट स्ट्रोक के बच्चे शिकार हुए है।

### हत्या के 22 वर्षों के बाद सात दोषियों को मिली आजीवन कारावास की सजा

**बक्सर, एजेंसी।** 22 वर्षों के बाद हत्या के मामले में सोमवार को सजा सुनाई गई। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश 2 विजेन्द्र कुमार ने पुलिस और दोनों पक्षों के गवाहों सुनने के बाद हत्या के मामले में अभियुक्तों को दोषी पाया। कोर्ट ने सभी सात अभियुक्तों को आजीवन कारावास और 35-35 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। अपर लोक अभियोजक बिनोद कुमार सिंह ने बताया कि दिनांक 7 सितंबर 2002 को नावानगर थाना क्षेत्र के मणियां गांव में चुनावी रंजिश के मामले में रामभजू सिंह को आरोपितों ने गोली मार हत्या कर दी थी।

# राजद नेता विक्रमा यादव की दुर्घटना में मौत, राजद ने मनाया शोक

चाणक्यभूमि रक्सौल



रामगढ़वा सुगौली के बीच एन एच पर तेज गति से आ रही बस से कुचलकर रामगढ़वा के पखनहिया पंचायत के पूर्व पंचायत समिति सदस्य सह राजद नेता विक्रमा यादव की मौत घटनास्थल पर हो गई। विक्रमा यादव की मौत सुगौली के समीप चिलझपटी मोड़ के समीप हुई है। उनकी मौत की सूचना मिलते हैं उनके गांव को पोखरिया गांव में कोहराम मच गया।बताया जाता है कि वे सुगौली जा रहे थे तभी पश्चिम दिशा से आ रही एक मोटरसाइकिल ने उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। इससे वे सड़क पर गिर पड़े।तभी तेज गति से आ रही बस में इनको कुचल दिया और वहीं पर उनकी मौत हो गई। विक्रमा यादव राष्ट्रीय जनता दल के पखनहिया पंचायत के पंचायत अध्यक्ष भी थे। उनकी मौत पर प्रखंड राजद कार्यालय में प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद मूसा और युवा अध्यक्ष मुकेश कुमार यादव की अध्यक्षता में एक शोक सभा का आयोजन किया गया। और 2 मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई।बताया गया कि विक्रमा यादव राष्ट्रीय जनता दल के कर्मठ सिपाही थे।साथ ही वे काफी मिलनसार और सामाजिक व्यक्ति थे।उनकी मौत से उनका परिवार उजड़ गया है। बताया गया की विक्रमा यादव को छः बच्चे हैं।जिनमें चार बड़ी बेटियां एवं एक नाबालिग पुत्र है। इनके असामयिक मौत से पूरा परिवार बिखर चुका है।

## नेशनल लोक अदालत की तैयारी

चाणक्यभूमि बेतिया

आगामी दिनांक 13 जुलाई को होने वाले नेशनल लोक अदालत की तैयारी हेतु जिला जज ने की बैठक। जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार प्रजेश कुमार ने आज व्यवहार न्यायालय में पदस्थापित सभी न्यायिक पदाधिकारी गण के साथ विशेष बैठक की। जिला जज ने बताया कि आप सभी अपने अपने न्यायालय से सुलहनीय योग्य वादों को चिन्हित करें एवं अधिक से अधिक वादों में नोटिस निर्गत करावे एवं पक्षकारों के साथ प्री सिटिंग पर विशेष बल दें। पक्षकारों के साथ बैठक कर उसे सुलह हेतु तैयार करें। ताकि आगामी नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का निष्पादन किया जा सके एवं इस आयोजन को सफल बनाया जा सके। वहीं प्राधिकार के सचिव अमरेंद्र कुमार राज ने बताया कि बैंक इंश्योरेंस श्रम विभाग खनन विभाग माप-तौल विभाग से भी सामंजस्य स्थापित कर अधिक से अधिक वादों को इस नेशनल लोक अदालत में सुलह करने का लक्ष्य रखा गया है। मौके पर सभी न्यायिक पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।

## भारत नेपाल बॉर्डर खुलने से सीमावर्ती बाजारों में चहल पहल बढ़ी

चाणक्यभूमि संवाद सूत्र

लोकसभा चुनाव को लेकर इंडो-नेपाल बॉर्डर पिछले शुक्रवार से बंद था। बॉडर बंद होने के कारण इनरवा, भंगहा समेत सभी सीमा पर अवस्थित बाजारों के व्यवसायियों को नुकसान हुआ। दुकानदारों की माने तो भारत से ज्यादा नेपाल के ग्राहक बॉडर क्षेत्र के दुकानदारों को तहजीह देते है। सीमावर्ती बाजारों में सब्जी, किराना, कपड़ा, हार्डवेयर, कीटनाशक, कॉस्मेटिक, मोबाइल आदि समान सस्ता होने के कारण सैकड़ों की संख्या में प्रतिदिन नेपाली ग्राहक भारतीय बाजारों में खरीदारी करने आते है। सोमवार से ही बाजरों में भीड़ उमड़ पड़ी। ग्राहक दैनिक उपयोग की वस्तुओं की खरीदारी की। नेपाली ग्राहकों ने भारतीय बाजारों में सामने सस्ती मिलती है। वही समान नेपाल में 20-30 रुपया महंगा मिलता है। रविवार को सीमा खुलते ही सोमवार से बाजारों में रौनक आ गई।

## आवारा सांड के आतंक से लोगों को हो रही है परेशानी

चाणक्यभूमि रक्सौल

रक्सौल अनुमंडल के अहिरवाटोला गांव में आवारा सांड के आतंक के चलते ग्रामीण दहशत में है। सांड ने बीते एक महीने में इसी गांव के करीब 6 ग्रामीणों को घायल कर दिया है। ग्रामीणों ने बताया कि सांड गांव में ही घूमता रहता है। दरवाजे पर बंधी गाय या अन्य पशुओं को भी मार कर घायल कर देता है। जिस कारण ग्रामीण अपना काम छोड़ पशुओं के सुरक्षा में लगे रहते है। वही ग्रामीणों ने प्रशासन से सांड को पकड़वाने और अन्यत्र जगह छोड़ने की मांग की है। स्वच्छ रक्सौल संगठन के अध्यक्ष रंजीत सिंह ने बताया कि सांड ने गांव के ही श्री भगवान यादव, उनके भाई विशुनदेव यादव, देवा यादव, विकास यादव सहित कई बच्चों को भी घायल कर दिया है। इसके बावजूद प्रशासन इसपर ध्यान नही दे रही। कई बार ग्रामीणों के द्वारा सांड को गांव से भगाया गया है। फिर भी इसी गांव में पुनः आ जाता है। गांव में ही घूमता रहता है। किसी व्यक्ति को अकेले देख उसपर हमला कर देता है। जिस कारण ग्रामीणों में दहशत व्याप्त है।









## मझौलिया में माननीय उच्च न्यायालय के आदेश से निर्माण कार्य पर रोक

चाणक्यभूमि संवाद सूत्र

• **मामला मझौलिया थाना क्षेत्र के बसड़ा के भेड़ियारी गांव का है**

**मझौलिया।** मझौलिया थाना क्षेत्र के महोदीपुर पंचायत स्थित बसड़ा भिडियारी वार्ड नम्बर 8 में निर्माणाधीन मकान पर पुलिस प्रशासन द्वारा रोक लगाते हुए माननीय उच्च न्यायालय के आदेश का अनुपालन किया गया । थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार मिश्र ने बताया कि स्वर्गीय हाजी महम्मद गद्दी के पुत्र महम्मद एकरामुद्दीन द्वारा माननीय उच्च न्यायालय में दायर परिवाद के आलोक में निर्गत आदेश का अनुपालन किया गया है । आदेश के अनुपालन के लिए मोहम्मद एकरामुद्दीन द्वारा पुलिस उपाधीक्षक बेतिया पश्चिमी चंपारण को एक आवेदन दिया गया था।

उल्लेखनीय है कि उक्त भूमि पर अब्दुल हमीद , फजिल अहमद ,सबीर गद्दी द्वारा जबरन घर बनवाया जा रहा था तथा रोकने पर मारपीट करने व जान मारने की धमकी दिया गया था । बताया जाता है कि उक्त विवाद

लगभग 40 वर्षों से चला आ रहा है । इधर इस बाबत दूसरे पक्ष हमीद गद्दी का कहना है कि उक्त जमीन हमारा खतियानी और दस्तावेजी है ।इसमें लोअर कोर्ट के द्वारा डिग्री मिला है । जो मेरे जोत आबाद में है ।हम माननीय उच्च न्यायालय का सम्मान करते है ।

मेरे ऊपर लगाए गए आरोप निराधार और बेबुनियाद है ।

थानाध्यक्ष ने दोनों पक्षों से माननीय न्यायालय के आदेश का अनुपालन करने और शांति व्यवस्था बनाए रखने का निर्देश दिया है।

## रामगढ़वा प्रखंड प्रमुख कार्यालय का हुआ उद्घाटन

चाणक्यभूमि रक्सौल



रक्सौल लोकसभा चुनाव आचार संहिता समाप्त होते ही मंगलवार को रामगढ़वा प्रखंड प्रमुख रीता देवी के कार्यालय का विधिवत उद्घाटन किया गया। इस कार्यालय का उद्घाटन पं सत्यदेव मिश्रा के वैदिक मंत्रोचार के बीच प्रमुख रीता देवी व प्रखंड विकास पदाधिकारी मोहम्मद सज्जाद ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। प्रमुख रीता देवी आज से अपने कार्यालय में विधिवत बैठेंगी और प्रखंड के विकास कार्यों में अब तेजी आएगी। कार्यालय कक्ष में बैठने के बाद प्रमुख रिता देवी को प्रखंड विकास पदाधिकारी मोहम्मद सज्जाद, बीपीआरओ इंद्रजीत कुमार,अंचलाअधिकारी राजा कुमार के साथ उपप्रमुख अरविंद पांडेय व सभी समिति सदस्यों,मुखिया और अन्य कार्यालय कर्मियों नेइको बुके देकर इनका सम्मानित किया

कार्यालय उद्घाटन के मौके पर भारी संख्या में स्थानीय गणमान्य लोगों की भी मौजूदगी रहप्रखंड प्रमुख रीता देवी ने इस मौके पर सभी लोगों को धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा कि प्रखंड क्षेत्र का समुचित विकास करना इनकी सोच है।इसके लिए प्रमुख रीता देवी सभी निकाय प्रतिनिधियों से बैठकर विकास की रूपरेखा को तैयार करेंगी और इसको गति दिया जाएगा। इनकी सोच रामगढ़वा प्रखंड क्षेत्र के किसी भी पंचायत को विकास से अछूता नहीं रखता है। मौके पर पूर्व मुखिया अर्जुन प्रसाद,लोजपा प्रदेश महासचिव पंकज पाण्डेय,रविन्द्र गुप्ता,प्रदीप गुप्ता, बीरेंद्र प्रसाद, राधेश्याम सर्राफ, अरुण कुमार इत्यादि लोग मौजूद रहे।






## बौध बरवा गाँव में पहुँच कर दीपक यादव ने ग्रामीणों से की चर्चा

चाणक्यभूमि मैनाटांड़



**मैनाटांड़** प्रखंड क्षेत्र के बौध बरवा गाँव में लोक सभा 2024 चुनाव के छठे चरण के चुनाव में बूथ संख्या 74 पर ग्रामीणों ने वोट का बहिष्कार का किया था। इसी सम्बंध में बाल्मीकि नगर लोकसभा प्रत्याशी दीपक यादव ने सोमवार को बौध बरवा गाँव पहुँच कर ग्रामीणों से मिल कर इस बात पर चर्चा किया। दीपक यादव ने आश्वसन देते हुए कहा की हम जीत जाएंगे तो सबसे पहले विकास का काम इसी गांव से और इसी सड़क से होगा यह रोड मेरे द्वारा ही बनवाया जायेगा । इस बात को सुनते ही ग्रामीण में खुशी की लहर जाग उठी । इस मौके पर सीताराम राम, मुन्ना यादव, अच्छेलाल राम इत्यादि ग्रामीणों के सैकड़ो लोग उपस्थित थे ।

## अग्निपिडितों के बीच सहायता राशि का हुआ वितरण

चाणक्य भुमि बैरिया



• **बीते 24 अप्रैल को 15 लोगों का घर जलकर हुआ था राख**

बैरिया प्रखंड क्षेत्र के 15 अगिन पीडित परिवारों को अंचलाधिकारी ने सरकारी सहायता राशि का चेक दिया। पखनाहा डुमरिया पंचायत के वार्ड 17 व 18 के मोतीपुर गांव में विगत 24 अप्रेल 2024 को आग लगने से 15 लोगों का घर अग्नि की भेंट चढ़ गए थे। आग लगने की सूचना पंचायत के मुखिया हरिलाल राम के द्वारा अंचलाधिकारी बैरिया को दिया गया था। व शीघ्र सहायता राशि उपलब्ध कराने का आग्रह भी इनके द्वारा किया गया था। इसको लेकर पन्द्रह पीड़ित परिवारों को अंचलाधिकारी बिकेश पांडे के द्वारा सरकारी सहायता राशि का बारह हजार रुपये का चेक प्रदान किया गया। सीओ ने अगिन पीडितों से बताया कि इस राशि को अच्छे काम में खर्च करें। ताकि आप सभी पीड़ित परिवारों को सहायता हो सके मौके पर अंचल नाजिर अनिल कुमार, राजस्व कर्मचारी सह राजस्व अधिकारी अशोक पटेल पंचायत के मुखिया हरिलाल राम सहित अग्नि पीड़ित परिवार मौजूद रहे।









## अज्ञात वाहन के चपेट में आने से व्यवसाई की मौत

चाणक्यभूमि संवाद सूत्र



एनएच 727 बेतिया लौरिया मुख्य मार्ग के परसा मठिया नहर के पास एक अज्ञात वाहन के चपेट मे आने से एक व्यवसाई की मौत हो गई | घटना की सूचना मिलते ही लोगो की भीड़ जमा हो गई। मृतक की पहचान शनिचरी थानाक्षेत्र के दोनवार काला गांव निवासी स्व खजांती साह के 45 वर्षीय पुत्र किरानी साह के रुप में हुई है | प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक अपने गांव से अपने बाईक पर सवार मठीया चौक के बगल स्थित पेट्रोल पंम्प पर अपने बाईक में पेट्रौल भरवाने आ रहा था | वह जैसे ही एन एच727 स्थित मठीया नहर पार किया कि लौरिया से बेतिया के तरफ जा रहे किसी अज्ञात वाहन के चपेट मे आ गया । जिससे घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गयी |इस बाबत थानाध्यक्ष संतोष कुमार शर्मा ने बताया कि एक बाईक सवार की अज्ञात वाहन द्वारा ठोकर मारने की सुचना मिली है |मृतक के बाईक को जप्त कर शव को पोस्टमार्टम के लिये बेतिया सरकारी अस्पताल भेज दिया गया है | इधर मृतक की पत्नी पहले का स्वर्गवास पूर्व में हो चुका है । मृतक को दो पुत्र हैं | मृतक गांवो में ठेला पर घुमाकर घर घर सब्जी बेचा करता था |

## शराब के नशे में महिला के साथ मारपीट, एक गिरफ्तार

चाणक्य भूमि बैरिया

बैरिया थाना क्षेत्र के बगही गांव में शराब पीकर मारपीट करने के मामले में एक व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बगही निवाशी रूबी देवी ने पुलिस को आवेदन देकर बताया की शराब पीकर मेरे पड़ोसी वकील चौधरी के पुत्र सुजीत कुमार मारपीट कर घायल कर दिया है। उक्त मामले सूचना के आलोक में पहुंची बैरिया थाना के पुलिस ने सुजीत कुमार को पकड़ लिया तत्पश्चात मामले में कांड अंकित करते हुए न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।












स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अजीत कुमार सिन्हा उर्फ अजीत कुमार द्वारा शिखा प्रिंटिंग प्रेस वास्ते अनिशा डिजिटल प्रिंटर्स द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित ।
किसी भी वाद-विवाद का निपटारा न्यायिक क्षेत्र बेतिया में होगा ।सम्पादकिय कार्यालय : नया बाजार, बेतिया, प0 चम्पारण-845438, कार्यकारी सम्पादक : मनिष कुमार, मो0-9472494714